प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में ले रहे हैं भाग।
2. झारखंड भाजपा की आज रांची में हो रही है महत्वपूर्ण बैठक, विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा के साथ गठबंधन दलों की भूमिका पर भी चर्चा।
3. पश्चिम बंगाल ने झारखंड में आलू आपूर्ति पर लगायी रोक, कीमतों में आयी उछाल, भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की।
4. झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का फार्म जमा करने की प्रक्रिया आज से शुरु, विद्यार्थी 14 दिसंबर तक जमा कर सकेंगे आवेदन।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उद्‌घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने झारखंड के गिरिडीह स्थित निमियाघाट थाने को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा। गृह मंत्रालय ने वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन किया है। इनमें निमियाघाट थाना भी शामिल है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक विधानसभा का पहला सत्र आहूत करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। 9 दिसंबर को नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। 10 दिसंबर को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण होगा और विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। 11 दिसंबर को सरकार अपना द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जायेगा।

*******************

झारखंड भाजपा की आज रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। यह बैठक दो सत्र में आयोजित है। पहले सत्र में राज्य भर के नवनिर्वाचित पार्टी विधायक और हारे हुए प्रत्याशी हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हैं। इस बैठक के बाद एक और बैठक होगी, जिसमें विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव प्रभारी शामिल होंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार की समीक्षा के साथ ही एनडीए घटक दल में शामिल अन्य दलों की भूमिका पर भी चर्चा हो रही है।

*******************

भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर शहीद के वंशज की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।

*******************

पश्चिम बंगाल से तीसरे दिन भी आलू की सप्लाई ठप रही। आलू लेकर कोई भी ट्रक झारखंड नहीं पहुंचा। इससे राज्य में आलू की कीमतों में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हो गयी है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आलू की ट्रांसपोर्टिंग रोके जाने को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से बात कर जल्द समस्या का निदान करने का आग्रह किया है।

*******************

राज्य के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री गुप्ता ने महिला सुरक्षा के लिए भी सख्त कदम उठाने की बात भी कही है।

*******************

आईएएस अधिकारी और रांची के उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें चुनावी कार्य से दूर रखने को कहा गया है। श्री भजंत्री की याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। दरअसल 22 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने मंजूनाथ भजंत्री को चुनावी कार्यों से अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली थी। इसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में उन्हें चुनाव कार्य से दूर रखा गया था।

*******************

झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा अगले साल फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। इसके लिए आज से मैट्रिक का फॉर्म जमा होना शुरू हो गया है। यह प्रक्रिया 14 दिसंबर तक चलेगी। झारखंड एकेडिमिक काउंसिल–जैक ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। जैक के अनुसार परीक्षार्थी अपना आवेदन विलंब शुल्क के साथ 15 से 21 दिसंबर के बीच जमा कर सकते हैं।

*******************

झारखंड में पैडमैन के रुप में पहचान बना चुके सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक जमशेदपुर निवासी तरुण कुमार को एमएचएम गुडविल एंबेसडर चुना गया है। पिछले दिनों नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन– एमएचएम इंडिया समिट के दौरान तरुण कुमार को झारखंड के गांवों में बच्चों की बेहतरी और माहवारी स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। श्री कुमार ने इसे गर्व का विषय बताया।

*******************

होड़ोपैथी एथनो मेडिसिन के प्रसिद्ध चिकित्सक पीटर पॉल हेंब्रोम का कल शाम गिरिडीह के महेशमुंडा में निधन हो गया। पीटर पॉल हेंब्रोम ने परंपरागत आदिवासी चिकित्सा पद्धति होड़ोपैथी को एक व्यवस्थित रूप दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

*******************

पलामू में आयोजित 25वीं सीनियर झारखंड राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के महिला और पुरुष वर्ग में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी– जेएसएसपीएस की टीम चैंपियन बनी है। वहीं एक स्टाइल में हजारीबाग की टीम विजेता रही। समापन समारोह में अन्य खेल प्रेमियों के अलावा हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह भी शामिल हुए और विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

*******************